
रूप चतुर्दशी पर निखरा रंग, परम्परा के रंग में रंगीं महिलाएं एवं युवतियां



उज्जैन। दीपोत्सव के त्योहार के बीच शनिवार को रूप चतुर्दशी का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया रूप चतुर्दशी को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहता है इस दिन सुबह जल्दी उठकर उबटन लगाने, स्नान करने और सोलह श्रृंगार करने की परंपरा है। मान्यता है कि इस दिन विशेष स्नान और सौंदर्य प्रसाधनों के उपयोग से रूप-निखार आता है। बदलाव समय के साथ पर्व मनाने के तरीकों में भी बदलाव आया है। लेकिन घरेलू नुस्खों और प्राकृतिक सौंदर्य देखभाल का आकर्षण आज भी बरकरार है। रूप चतुर्दशी पर महिलाएं बेसन, हल्दी, चंदन और अन्य प्राकृतिक सामग्री से तैयार उबटन का इस्तेमाल करती है। वहीं कई महिलाएं स्किन की केयर के लिए आधुनिक सौंदर्य प्रसाधनों और घरेलू नुस्खों को अपनाती हैं। पर्व को लेकर ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की तैयारियां देखने को मिली सोलह श्रृंगार, पारंपरिक परिधान और सजने-संवरने की तैयारियों से त्योहार का उत्साह और बढ़ जाता है। महिलाओं का मानना है कि रूप चतुर्दशी केवल बाहरी सौंदर्य निखारने का पर्व नहीं, बल्कि खुद को समय देने और अपनी खुशियों को महसूस करने का अवसर भी है।

महिलाओं की जुबानी रूप चतुर्दशी का महत्व

सुंदरता केवल महंगे सौंदर्य प्रसाधनों से नहीं आती, बल्कि प्राकृतिक देखभाल, अच्छी दिनचर्या और मन की प्रसन्नता से चेहरे पर असली निखार आता है। रूप चतुर्दशी का पर्व हमें अपनी देखभाल करने और प्राकृतिक सुंदरता को महत्व देने का संदेश देता है।

-वंदना राठी

मेरे विचार से रूप चतुर्दशी सिर्फ सजने-संवरने का दिन नहीं, बल्कि स्वयं को महत्व देने का अवसर भी है। असली सुंदरता चेहरे से ज्यादा व्यक्ति के व्यवहार, विचार और आत्मविश्वास में दिखाई देती है। सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास ही व्यक्तित्व की असली पहचान हैं।

-संगीता शर्मा

आज की अगदौड़ भरी ज़िंदगी में महिलाएं परिवार और दूसरी नदियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि खुद के लिए समय निकालना मुश्किल हो जाता है। रूप चतुर्दशी ऐसा मौका है, जब महिलाएं अपनी पसंद, खुशी और पारंपरिक श्रृंगार के लिए समय निकालती हैं।

-शशि धूत

रूप चतुर्दशी संस्कृति से जुड़ा पर्व है। इस दिन उबटन लगाना, स्नान करना और सोलह श्रृंगार करने की परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। लेकिन इन परंपराओं का महत्व आज भी बरकरार है।

-श्रुति

तारक मेहता के अय्यर व महामंडलेश्वर ने किए दर्शन

उज्जैन। सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अय्यर तनुज महाशब्दे ने शनिवार को उज्जैन में महाकाल दर्शन किए। वे अपने 80 वर्ष के पिता को भी साथ लेकर आए थे। अय्यर ने देशभर के श्रद्धालुओं से उज्जैन आकर सिंहस्थ में पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया। महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने भी दोपहर में भगवान महाकाल के दर्शन किए।

दीपावली पर गढ़कालिका में नोटों व सोने जैसे सिक्कों से श्रृंगार- उज्जैन के प्रसिद्ध मां गढ़कालिका मंदिर में दीपावली पर्व के अवसर पर नोटों व सोने जैसे दिखने वाले सिक्कों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया कि धनतेरस से पर्व की शुरुआत की गई। मां गढ़कालिका का नोटों व सोने की तरह दिखने वाले गोल्डन सिक्कों से विशेष श्रृंगार किया गया।

बिछड़ौद : जमीन विवाद में हत्या, एक घायल

उज्जैन/घट्टिया। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम बिछड़ोद में शनिवार को जमीन विवाद एक खूनी संघर्ष में बदल गया। एक वृद्ध की हत्या कर दी गई दूसरा गंभीर घायल हुआ है पुलिस द्वारा मामले की जांच कर बंजारा पक्ष की महिला को हिरासत में लिया गया है।

बताया जा रहा है कि विवाद खेत हकाई को लेकर हुआ था। ग्राम बिछड़ोद निवासी गीताबाई बंजारा और इंदौर में रह रहे गुलाब नबी उर्फ बाबू छिपा पिता मोहम्मद इब्राहिम 55 वर्ष के बीच काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को गीताबाई अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर लेकर विवादित जमीन पर हकाई का कार्य करवा रही थी। इसी दौरान गुलाब नबी अपने साथी मुजीब पिता समद अली 48 वर्ष, निवासी शाजापुर के साथ खेत पर पहुंचा और जमीन पर हकाई करने से मना किया। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प और विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि हुई मारपीट में मुजाहिद और गुलाब नबी उर्फ बाबू छिपा को गंभीर चोटें आईं। बाबू छिपा के सिर और आँखों में गंभीर वार हुए। घटना के बाद घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया ले जाया गया, जहाँ से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय उज्जैन रेफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय उज्जैन पहुँचने पर डॉक्टरों ने मुजीब को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल गुलाब नबी का इलाज अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही घट्टिया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गीताबाई और उसके साथियों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की बारीकी से जाँच कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सीएमएचओ अचानक पहुंचे माधवनगर अस्पताल

आभा आईडी बनाने तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश

उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने शनिवार को सिविल अस्पताल माधवनगर, उज्जैन का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. रघुवंशी ने अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने तथा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने तथा सभी आवश्यक अभिलेखों एवं रिकॉर्ड को अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. रघुवंशी ने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल माधवनगर के प्रभारी अधिकारी डॉ. अमित सोनी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सोमेश सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिना लाइसेंस बेच रहे थे पटाखे, धराए

उज्जैन। बिना अनुमति के पटाखे बेचने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। तीन युवकों और एक नाबालिग को अवैध पटाखों के साथ पकड़ा गया जिनके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की कार्रवाई की गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि सिंधी कॉलोनी चौराहा पर सड़क किनारे स्टॉल लगाकर गांधीनगर में रहने वाले समीर पिता प्रेम डोबरिया अपने नाबालिग साथी के साथ पटाखे बेच रहा था सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाइसेंस संबंधित जानकारी प्राप्त की समीर अवैध तरीके से पटाखे बेचता पाया गया उसे नाबालिक के साथ हिरासत में लिया गया और मामले में प्रकरण दर्ज किया गया महिदपुर रोड थाना पुलिस ने ग्राम झूठावद से मनीष और पंकज को किराए की दुकान से अवैध तरीके से पटाखे बेचते हुए पकड़ा है।

चंबल तट पर मनाई देव दीपावली, पितरों के लिए हुआ श्राद्ध

ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार ने जलांजलि अर्पित कर की पितरों के बैकुंठ वास की कामना

नागदा। नरक चतुर्दशी के पावन अवसर पर शनिवार को चंबल तट स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ब्रह्ममुहूर्त में सामूहिक दीपयादि श्राद्ध, यम तर्पण एवं दीपदान का विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस अनूठे अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने अपने दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए वैदिक विधि-विधान से पितृ तर्पण किया तथा दीप प्रज्जवलित कर उनकी शांति, सद्गति एवं बैकुंठ वास की कामना की। आयोजन के समापन पर पितरों के निमित्त दीपोत्सव एवं आतिशबाजी के साथ देव दीपावली मनाई गई।

आचार्य पं. अजय पंड्या एवं पं. दीपक पंड्या ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विभिन्न कर्मकांडीय क्रियाओं के माध्यम से अनुष्ठान संपन्न कराया। उन्होंने नरक चतुर्दशी पर पितृ तर्पण, यम उपासना एवं दीपदान के धार्मिक महत्व की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से विधिवत तर्पण करवाया। पूजन के लिए चार गन्नों से विशेष चौकी तैयार की गई। इसके बाद मिट्टी, तांबे एवं चांदी के दीपक प्रज्वलित कर पितरों के निमित्त दीपांजलि एवं जलांजलि अर्पित की गई। श्रद्धालुओं ने दीपों की आरती कर पूर्वजों के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की। कार्यक्रम संयोजक एवं ब्राह्मण समाज नागदा युवा संस्कार परिवार के संयोजक पंडित निलेश मेहता ने बताया कि ब्राह्मण समाज के युवाओं द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष विगत 8 वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष भी आयोजन की सूचना विभिन्न मीडिया के माध्यम से नगरवासियों तक पहुंचाई गई। जिसके फलस्वरूप श्रद्धालुओं ने परिवार सहित सहभागिता कर धर्मलाभ लिया। आयोजन में आचार्य पं. अजय पंड्या, पं. दीपक पंड्या, युवा आचार्य पंडित दिव्यांश पंड्या, सुरेश रघुवंशी, श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी सहित श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी महिला मंडल की अध्यक्ष वर्षा मेहता एवं नगर के धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक पं. निलेश मेहता एवं आचार्य पं. अजय पंडया एवं पंडित दीपक पंडया के प्रयास से संपन्न हुआ।



पितरों के सम्मान में आतिशबाजी

वैदिक पूजन एवं आरती के पश्चात पितरों के निमित्त फुलझड़ी, अनार एवं चकरी जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। चंबल तट पर प्रज्जवलित दीपों और दीपांजलि के बीच श्रद्धालुओं ने देव दीपावली के स्वरूप में पितरों का अभिनंदन किया। दिव्य दीपांजलि एवं जलांजलि के माध्यम से पितरों की सद्गति एवं परिवार के कल्याण की प्रार्थना की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस विशिष्ट धार्मिक परंपरा की सराहना करते हुए इसे सनातन संस्कारों के संरक्षण एवं नई पीढ़ी को पूर्वजों से जोड़ने वाला प्रेरणादायी आयोजन बताया।

राजगढ़ के बदमाश ने चुराया था रिटायर्ड हवलदार का मोबाइल

उज्जैन। रेलवे स्टेशन से रिटायर्ड हवलदार का मोबाइल चुराने वाले बदमाश को जीआरपी ने चंद घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया। बदमाश राजगढ़ का रहने वाला है। जिसके पास से चोरी किया मोबाइल बरामद किया गया।

छत्तीसगढ़ के रायपुर से रिटायर्ड हवलदार बालाराम वर्मा परिचित विरेन्द्र के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आये थे। देव-दर्शन के बाद वह वापस लौटने के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पहुंचे थे। ट्रेन आने में देरी होने के चलते पूछताछ कार्यालय के लेट गये थे। नींद का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उनका 18 हजार रूपये कीमत का मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिलने पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और आरपीएफ टीम के माध्यम से प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। एक संदिग्ध के दिखाई देने पर उसकी तलाश शुरू की गई और चंद घंटे में रेलवे स्टेशन आउटर से उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसका नाम विनोद पिता करणसिंह वर्मा निवासी दौतलपुरा थाना बोडा राजगढ़ सामने आया। उससे मोबाइल चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार विधिवत कार्रवाई के बाद आरोपी को नोटिस तामिल कराकर छोड़ा गया है।

10 माह में 190 मोबाइल किये बरामद

महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में ट्रेन यात्रियों की संख्या प्रतिदिन लाखों में पहुंच चुकी है। पिछले 10 माह के दौरान ट्रेनों मे यात्रा करने और प्लेटफार्म पर आने वाले यात्रियों के बीच से 360 मोबाइल चोरी होना सामने आ चुके है। जीआरपी और आरपीएफ की टीम लगातार मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने के साथ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 190 मोबाइल बरामद करने में सफल हो चुकी है। सौ से अधिक बदमाशों का पकड़ा गया है। अब तक बरामद मोबाइल 38 लाख कीमत के बताये जा रहे है। 2025 में मोबाइल चोरी का आंकडा 400 के पार पहुंचा था।

आज खुशियों के साथ होगा मां लक्ष्मी का पूजन

घट्टिया। दीपावली पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। रविवार को दीपावली पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा । माता लक्ष्मी का आगमन खुशिया व सुख समृद्धि के साथ होगा। दीपोत्सव पर्व अंतर्गत नन्ही बालिकाओं सहित महिलाओं ने घर आंगन में रंगोली बनाकर फूलों से आंगन सजाया। लोगों ने घरों सहित वाहनों की सजावट की। रविवार को शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी



का पूजन किया जाएगा। वहीं सोमवार को चारभुजा नाथ मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन कर भगवान को 56 भोग लगाया जाएगा।

पाणत करने निकले ग्रामीण को वाहन ने कुचला

उज्जैन। रात में घर से खेत पर पाणत करने जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया परिवार अस्पताल लेकर आता उससे पहले रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है वाहन की तलाश की जा रही है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रुई में रहने वाला अंबाराम पिता गुलाब भाटी 48 साल रात में गेहूं की फसल में पाणत करने के लिए घर से कुछ दूरी पर खेत पर जा रहा था उसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अंबाराम गंभीर रूप से घायल हो गया था परिजन उसे अस्पताल लेकर आए लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख दिया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया अज्ञात वाहन का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

दीपावली के अगले दिन सुबह शहरवासियों को साफ सुथरा और चकाचक उज्जैन नजर आएगा-नगर निगम आयुक्त

स्वच्छता के लिए दीपावली की मध्य रात्रि को मैदान में उतरेगा नगर निगम का स्वास्थ्य अमला

उज्जैन। दीपावली का पर्व शहरवासी पूरे उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाएंगे। त्योहार के बाद शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा विशेष सफाई अभियान संचालित किया जाएगा। दीपावली के अगले दिन 09 नवंबर की सुबह जब शहरवासी सोकर उठेंगे, तब उन्हें अपना उज्जैन साफ-सुथरा और चकाचक नजर आए, इस उद्देश्य से नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगा।

इस संबंध में शनिवार को ग्रांड होटल पर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निगम अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ स्टैंडअप मीटिंग आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि दीपावली की रात स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला सफाई मित्रों, वाहनों एवं आवश्यक संसाधनों के साथ रात्रि से फील्ड में उपस्थित रहेगा तथा सुबह 6 बजे से पहले शहर की सड़कों, गलियों और मोहल्लों की सफाई सुनिश्चित करेगा।

आयुक्त श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि इस कार्य को मिशन मोड पर अभियान के रूप में संचालित किया जाए। प्रत्येक वार्ड, प्रत्येक गली और मोहल्ले में विशेष सफाई व्यवस्था की जाए। स्वास्थ्य विभाग का संपूर्ण स्टाफ, कचरा कलेक्शन वाहन एवं अन्य आवश्यक संसाधन निर्धारित समय पर मैदान में रहें, ताकि दीपावली के अगले दिन सुबह संपूर्ण शहर स्वच्छ एवं व्यवस्थित नजर आए। उन्होंने कहा कि यह नगर निगम के लिए एक अनूठा प्रयास है, जिसे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ सफल बनाएं।



शहरवासियों से भी की सहयोग की अपील

नगर निगम द्वारा समस्त शहरवासियों से अपील की गई है कि दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के साथ ही स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें। पटाखे जलाने के बाद उनसे निकलने वाले कचरे को एक निश्चित स्थान पर एकत्रित करें, ताकि सफाई मित्रों द्वारा उसे आसानी से एकत्रित कर सकें। पटाखों के अवशेष एवं अन्य कचरे को खुले में न जलाएं। पर्यावरण संरक्षण और शहर की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्टैंडअप मीटिंग में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, राघवेंद्र सिंह पालिया, रविकांत मगरदे, घनश्याम मचार, पवन कुमार फुलफकीर, जोनल अधिकारी गण, कार्यपालन यंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त जोन के स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगा उपस्थित रहे।

